संख्या-2/2019/क0नि0-4-1282(1)/11-2018-300(27)/17

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर,
उ0प्र0 लखनऊ।

कर एवं निबंधन अनुभाग-4 **लखनऊः दिनांकः 21 जनवरी, 2019**

विषयः- वाणिज्य कर विभाग में विभिन्न कार्यों को कराए जाने हेतु वर्ष 2018-19 में धनराशि रु0-26,73,425.00 का अग्रिम भुगतान बी0एस0एन0एल0 को किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-क0नि0-4-1282/11-2018-300(27)/17, दिनांक 19.12.2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वाणिज्य कर विभाग में विभिन्न कार्यों को कराए जाने हेतु वर्ष 2018-19 में धनराशि रु0-26,73,425.00 (रुपया छब्बीस लाख तिहत्तर हज़ार चार सौ पचीस मात्र) का भुगतान बी0एस0एन0एल0 को किए जाने की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति निर्गत की गयी है।

2- उक्तानुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वाणिज्य कर विभाग में विभिन्न कार्यों को कराए जाने हेतु वर्ष 2018-19 में धनराशि रु0-26,73,425.00 (रुपया छब्बीस लाख तिहत्तर हज़ार चार सौ पचीस मात्र) का अग्रिम भुगतान भारत संचार निगम लि0 को किए जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) धनराशि कार्यदायी संस्था को निर्गत किये जाने के दिनांक से उनके द्वारा वास्तविक उपयोग किये जाने की तिथि तक अर्जित ब्याज को राजकोष में जमा कराया जाएगा।

(2) वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-162 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जो सरकारी कर्मचारी/अधिकारी धन को आहरित करेगा, वही उसके समायोजन हेतु भी जिम्मेदार होगा तथा यदि कोई क्षति होती है, तो उसके लिए भी सम्बन्धित सरकारी कर्मचारी/अधिकारी जिम्मेदार होगा।

(3) पूर्व में दी गई समस्त अग्रिम धनराशि का समायोजन दिनांक 31.03.2019 तक अवश्य करा लिया जाएगा तथा प्रश्नगत धनराशि का समायोजन कराते हुए महालेखाकार के पुस्तांकित आंकडों में भी समायोजन सुनिश्चित करा लिया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

(4) किसी भी अन्य अग्रिम भुगतान के लिए वित्त विभाग की सहमति प्राप्त की जानी होगी।

3- यह आदेश वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9 के अशासकीय संख्या-यू0ओ0-ई-9-112/दस-2019, दिनांक 14.01.2019 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(अरविन्द कुमार)
उप सचिव।

संख्या-2/2019/क0नि0-4-1282(2)/11-2018, तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ, उ0प्र0।
4. वित्त नियंत्रक/एडी0 कमिश्नर (लेखा), वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7. वित्त (लेखा) अनुभाग-1
8. बजट सहायक/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(अरविन्द कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।